301
11/9/12

खण्ड - 9 संख्या - 4, 5

सत्यमेव जयते

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## नवम् सत्र

## ( भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बुधवार, तिथि : 29 जून, 1988 ई०

वृहस्पतिवार, तिथि : 30 जून, 1988 ई०

## पुल का निर्माण

**330. श्री नीलमोहन सिंह,** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि 1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बांका में चानन नदी पर निर्मित तकनीकी दृष्टिकोण से यातायात हेतु अनुरक्षित है, तथा एक नये पुल निर्माण की आवश्यकता है;

**प्रभारी मंत्री,** प. नि. वि., 1. उत्तर अस्वीकारात्मक है।

2. क्या यह बात सही है कि इस क्षतिग्रस्त पुल के कारण बांका अनुमंडल का संबंध जिला मुख्यालय से भंग हो जाने की आशंका है।

2. उत्तर अस्वीकारात्मक है।

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त नदी पर एक नये पुल का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों?

3. इस पुल के बदले तत्काल नये पुल के निर्माण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

## सेतु का निर्माण

**331. श्री खलील अंसारी,** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि: 1. क्या यह

**प्रभारी मंत्री,** प० नि० वि०, 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

बात सही है कि सीतामढ़ी में लखनदेई नदी पर सीता सेतु निर्माण हेतु अक्टूबर, 1984 में ही तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया था जिसके निर्माण हेतु दो वर्ष पूर्व ही 53 लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति भी सरकार द्वारा दी गई थी;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त सेतु का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जबकि निर्माण संबंधित सारे साधन उपलब्ध हैं;

2. उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त सेतु का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

3. पुल निर्माण का कार्य प्रगति में है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य जून, 89 है।

## रेफरल अस्पताल का निर्माण

**334. श्री ओम प्रकाश लाल,** क्या मंत्री, कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि: 1. क्या यह बात सही है कि वर्ष 1988-89 के लिए 16 रेफरल अस्पताल बनाये जाने की स्वीकृति मंत्रिमंडल से

**श्री दिलकेश्वर राम,** 1. स्वीकात्मक है। निधि के अभाव में तत्काल भवन निर्माण करना संभव नहीं है।